# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2019 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2019 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 गया प्रसाद, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री ओमप्रकाश शर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद | सदस्य |
| 3. | श्री जितेन्द्र पाल सिंह, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. | डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक | सदस्य |
| 5. | श्रीमती सुषमा सिंह, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 6. | श्री राजकुमार त्यागी, कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 7. | श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 8. | श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | श्री एस0के0 अग्निहोत्री, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ। (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | डा0 ए0के0 सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मेरठ। (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 11. | डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ। (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 12. | श्री अवध नारायण, वित्त नियंत्रक | सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

11/01/XIX
Vice Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech
Meerut-250110

**प्रस्ताव संख्या 39.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक दिनाँक 29 नवम्बर, 2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक दिनांक 29 नवम्बर, 2018 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 39.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक दिनाँक 29 नवम्बर, 2018 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक दिनांक 29 नवम्बर, 2018 की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 39.3 : नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित करने के सम्बन्ध में।**

मा0 कुलपति एवं सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद के सभाकक्ष से बाहर जाने के उपरान्त नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित करने की कार्रवाई प्रारम्भ हुई। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के वर्तमान कुलपति का कार्यकाल दिनाँक 09 मार्च, 2019 को समाप्त हो रहा है। अतः उ0प्र0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अधिनियम 1958 की धारा–11(1) के प्रावधानों के अन्तर्गत नये कुलपति के चयन हेतु गठित होने वाली सर्च कमेटी में विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद एक प्रतिनिधि नामित किये जाने का प्राविधान है। उक्त प्राविधान के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–रा0पा0 80/67–कृशिअ–18– 500(11)/05 दिनांक 06 नवम्बर, 2018 के क्रम में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के नये कुलपति के चयन

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

Vice Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech.
Meerut-250110

हेतु गठित सर्च कमेटी में एक प्रतिनिधि नामित किया जाना है। मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा चुनाव के माध्यम से श्रीमती सुषमा सिंह, सामाजिक महिला कार्यकत्री को नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी के लिए प्रतिनिधि नामित किया गया।

(कार्रवाईः सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)

प्रस्ताव संख्या–39.4: **ई0 दीपक कुमार मिश्रा को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत जारी कार्यालय आदेश संख्या SVP/PS/2018/6958 दिनांक 15.09.2018 द्वारा दिया गया प्रोन्नत पदनाम सहनिदेशक/सह प्राध्यापक तथा वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 9000/– अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

ई0 दीपक कुमार मिश्रा को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत जारी कार्यालय आदेश संख्या SVP/PS/2018/6958 दिनांक 15.09.2018 द्वारा दिया गया प्रोन्नत पदनाम सहनिदेशक/सह प्राध्यापक तथा वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 9000/– अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर कुलसचिव द्वारा गठित की गयी कमेटी द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट को प्रबन्ध परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। ई0 दीपक कुमार मिश्रा के प्रौन्नति एवं वेतनमान सम्बन्धी जारी किये गये कार्यालय आदेश संख्या SVP/PS/2018/6958 दिनांक 15.09.2018 विषयक समिति द्वारा पुनः गहन परीक्षण किया गया एवं परीक्षणोपरांत समिति द्वारा ई0 मिश्रा को प्रौन्नति पदनाम तथा वेतनमान की संस्तुति गयी है।

वित्त नियन्त्रक द्वारा रिपोर्ट में संदर्भित शासनादेश के बिन्दु **6.4.7-** Assistant Professor completing three years of teaching in third grade (stage-3) shall be eligible, subject to

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

Vice Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech.
Meerut-250110

the qualifying conditions and the API based PBAS requirements prescribed by these regulations, to move to the next higher grade (stage-4) and to be designated as Associate Professor के सम्बन्ध में जिज्ञासा व्यक्त की गयी, कि क्या बी0टेक0 (स्नातक) डिग्रीधारक शिक्षक को CAS के अन्तर्गत ग्रेड पे रू0 9000/– एवं सह–प्राध्यापक पदनाम दिया जा सकता है।

इस सम्बन्ध में समिति की संस्तुति के अनुसार अध्यक्ष/मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि अगर किसी शिक्षक की नियुक्ति के समय बी0टेक डिग्री थी तो उसको CAS के अन्तर्गत ग्रेड वेतन रू0 9000/– पदनाम सह–प्राध्यापक एवं सह–प्राध्यापक के पद पर प्रौन्नत किया जा सकता है।

अध्यक्ष/मा0 कुलपति जी द्वारा प्रकरण पर उपरोक्त तथ्यों को स्पष्ट करने एवं समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के उपरांत मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा ई0 दीपक कुमार मिश्रा को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत जारी कार्यालय आदेश संख्या SVP/PS/2018/6958 दिनांक 15.09.2018 द्वारा प्रदान किया गया प्रोन्नत पदनाम सहनिदेशक/सह प्राध्यापक तथा वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 9000/– अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में सहमति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

**प्रस्ताव संख्या–38.5: विद्वत परिषद की 68वीं बैठक दिनांक 26 नवम्बर, 2018 के कार्यवृत्त का पूर्ण अनुमोदन।**

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 68वीं बैठक दिनांक 26 नवम्बर, 2018 को आयोजित की गयी थी,

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

Vice Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech.
Meerut-250110

जिसका अनुमोदन विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक में बिन्दु संख्या 38.7 पर किया गया है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव के अनुरोध पर विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 68वीं बैठक दिनांक 26 नवम्बर, 2018 का पुनः पूर्ण कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**अन्य बिन्दुः–**
**प्रस्ताव संख्या–39.6 :**

**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्य श्री मनोहर सिंह तोमर** द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा एंट्री आपरेटरों के प्रकरण पर विनियमितीकरण एवं सातवें वेतनमान प्रदान किये जाने हेतु कार्यवाही के लिए कहा गया। जिसपर मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रकरण पर उ0प्र0 शासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा है एवं इन कार्मिकों को सातवें वेतनमान का लाभ शीघ्र प्रदान किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)**

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(अवध नारायण)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

11/01/XIX
(डा0 गया प्रसाद)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
Vice Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech
Meerut-250110